**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. *710 जिसका उत्तर

**शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025/18 माघ, 1946 (शक)** को दिया जाना है

**अंतर्देशीय जलमार्ग विकास की स्थिति**

**† 710. श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी:**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में अन्तर्देशीय जलमार्गों के विकास के लिए चालू वित्तीय वर्ष हेतु राज्यवार कुल कितना बजट आवंटित किया गया है;

(ख) राज्यों में चल रही अन्तर्देशीय जलमार्ग परियोजनाओं के लिए आबंटित निधियों, स्वीकृत निधियों और इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) अनुमानित लागत और कार्यान्वयन की समय-सीमा सहित भावी अन्तर्देशीय जलमार्ग परियोजनाओं का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार के पास तेलंगाना में अन्तर्देशीय जलमार्गों के विकास के लिए कोई विशिष्ट योजनाएं हैं और यदि हां, तो प्रस्तावित परियोजनाओं, समय-सीमा और बजट का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) चल रही परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने और सभी राज्यों में आबंटित निधियों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क):** देश के विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.) के विकास के लिए वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 1195.11 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जिसका विस्तृत ब्यौरा **अनुबंध-1** में दिया गया है।

**(ख):** आवंटित निधियां, संस्वीकृत निधियों सहित राज्यों में निवर्तमान राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं तथा इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का विवरण **अनुबंध -2** में दिया गया है।

**(ग) से (ङ):** तेलंगाना राज्य सहित राज्यवार आगामी अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजनाओं का विवरण तथा अनुमानित लागत और कार्यान्वयन समय- सीमा **अनुबंध-3** में दी गई है। सभी राज्यों में आवंटित निधियों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सभी चल रही परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) द्वारा नियमित अंतराल पर अनिवार्य रूप से निगरानी की जाती है।

**अनुबंध-1**

विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज. ) के विकास के लिए 2024-25 में 1195.11 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया, जिसका विवरण नीचे दिया गया है –

| राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) संबंधी परियोजना | राज्य | बजट आवंटन<br>वित्त वर्ष 2024-25<br>(करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|
| 1. रा.ज. -1 (गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली) पर वाराणसी-हल्दिया जलखंड से जल मार्ग विकास परियोजना | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल | 515.00 |
| 2. राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (बांग्लादेश सीमा - धुबरी से सदिया तक ब्रह्मपुत्र नदी) का व्यापक विकास | असम | 406.00 |
| 3. असम और भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग के भारतीय हिस्से में राष्ट्रीय जलमार्ग-16 (लखीपुर से टुकर ग्राम तक बराक नदी) का व्यापक विकास | असम और त्रिपुरा | |
| 4. रा.ज. -2 पर पांडु पत्तन टर्मिनल से एनएच-27 तक पहुंच मार्ग का विकास | असम | |
| 5. राष्ट्रीय जलमार्ग-2 पर पांडु, गुवाहाटी (असम) में पोत मरम्मत सुविधा का विकास | | |
| 6. केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, गोवा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और असम राज्यों में 20 राष्ट्रीय जलमार्गों (चरण-1) का विकास, जैसा कि विवरण नीचे दिया गया है- | | 135.00 |
| (i) रा.ज. -3-वेस्ट कोस्ट नहर (कोट्टापुरम - कोल्लम), चंपकारा और उद्योगमंडल नहरें | केरल | |
| (ii) रा.ज. -4 का हिस्सा- कृष्णा नदी (विजयवाड़ा - मुक्तयाला) | आंध्र प्रदेश | |
| (iii) रा.ज.-5- धामरा-पारादीप, मंगलागढ़ी से होते हुए ब्राह्मणी नदी के पंकोपाल तक | ओडिशा | |
| (iv) रा.ज.-8- अलाप्पुझा-चंगनास्सेरी नहर | केरल | |
| (v) रा.ज. -9- अलाप्पुझा-अथिरंपुजा नहर | केरल | |
| (vi) रा.ज.-27-कम्बरजुआ नदी | गोवा | |
| (vii) रा.ज.-68- मंडोवी नदी | | |
| (viii) रा.ज.-111- जुआरी नदी | | |
| (ix) रा.ज. -86- रूपनारायण नदी | पश्चिम बंगाल | |
| (x) रा.ज.-97- सुंदरवन जलमार्ग | पश्चिम बंगाल | |

| | | |
|---|---|---|
| (xi) रा.ज. -40- घाघरा नदी | उत्तर प्रदेश और बिहार | |
| (xii) रा.ज.-44- इच्छामती नदी | पश्चिम बंगाल | |
| (xiii) रा.ज.-10- अंबा नदी | महाराष्ट्र | |
| | | |
| (xiv) रा.ज.- 57- कोपिली नदी | असम | |
| (xv) रा.ज.-31- धनसिरी नदी | असम | |
| (xvi) रा.ज.-37 (गंडक नदी) | उत्तर प्रदेश और बिहार | |
| (xvii) रा.ज.-64 (महानदी नदी) | ओडिशा | |
| (xviii) गुजरात में रा.ज.-73 (नर्मदा) और रा.ज.-100 (तापी) | गुजरात | |
| (xix) रा.ज.-100 (तापी नदी) गुजरात में | गुजरात | |
| (xx) दिल्ली, मथुरा और वृंदावन में रा.ज.-110 (यमुना नदी) और | दिल्ली और उत्तर प्रदेश | |
| पूर्वोत्तर क्षेत्र में अंतर्देशीय जल परिवहन विकास के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत परियोजनाएं | असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम | 5.00 |
| वेतन एवं सामान्य | | 57.61 |
| आईडब्ल्यूएआई के लिए ईबीआर/बांड पर ब्याज देयता का निर्वहन - ब्याज - | | 76.50 |
| | कुल | 1195.11 |

<u>अनुबंध -2</u>

आवंटित निधियां, स्वीकृत निधियां तथा इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति सहित राज्यों में निवर्तमान राष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं का विवरण:

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | आवंटित निधि (करोड़ रुपए में) | 31.12.2024 तक संस्वीकृत निधि/ व्यय | 31.12.2024 तक प्राप्त प्रगति (% में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में रा.ज.-1 (गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली) पर वाराणसी-हल्दिया खंड से जल मार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी-I और II) | 5061.15 | 3193.44 | 64.12 |
| 2 | असम में रा.ज.-2 (बांग्लादेश सीमा से धुबरी से सदिया तक ब्रह्मपुत्र नदी) का व्यापक विकास | 474.00 | 405.17 | 85.47 |
| 3 | पांडु पोर्ट टर्मिनल से एनएच-27 तक पहुंच मार्ग का विकास तथा पांडु, गुवाहाटी (असम) में रा.ज.-2 पर पोत मरम्मत सुविधा का विकास | 388.00 | 259.44 | 66.86 |
| 4 | असम में रा.ज.-16 (लखीपुर से तुकर ग्राम तक बराक नदी) और असम में भारत-बांग्लादेश मार्ग के भारतीय हिस्से का व्यापक विकास | 147.79 | 37.05 | 25.03 |
| 5 | केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, गोवा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और असम राज्यों में 20 राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास (चरण-1) | 266.09 | 127.62 | 47.96 |

अनुबंध-3

तेलंगाना सहित राज्यवार राष्ट्रीय जलमार्गों पर आगामी अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजनाएं:

| क्रम सं. | विवरण | लागत | समय सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | **असम** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | हेरिटेज बिल्डिंग, डिब्रूगढ़ का नवीनीकरण | 6.0 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| | सीएसएस के तहत टर्मिनल सुविधा प्रदान करने के लिए गैंगवे के साथ 02 स्टील पोंटून की खरीद | 3.20 करोड़ रु. | दिसंबर 2025. |
| | 2 जलयान का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और शुरू करना | 3.50 करोड़ रु. | दिसंबर 2025 |
| 2 | **उत्तर प्रदेश** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | प्रयागराज (महाकुंभ की तैयारी) | 19.25 करोड़ रु. | पूरी की गई |
| | मथुरा | 31.25 करोड़ रु | दिसंबर 2025 |
| | अयोध्या | रु.8.61 करोड़ | पूरी की गई |
| | 4 स्थानों पर क्यूपीओएम | रु. 46 करोड़ | मार्च 2026 |
| 3 | **राजस्थान** में आईडब्ल्यूटी का विकास | 2.71 करोड़ रु. | जून 2025 |
| 4 | **गुजरात** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | नर्मदा नदी (रा.ज.- 73) में क्रूज पर्यटन के लिए 2 जेट्टियां | 6.10 करोड़ रु. | अप्रैल 2025 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सूरत कैसल और डुमास बीच पर तापी नदी में नदी क्रूज जेट्टियों की स्थापना | 14.45 करोड़ रु. | जनवरी 2026 |
| | तापी नदी में फेयरवे का रखरखाव (रा.ज.-100) | 41.62 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| | तापी नदी का गणितीय मॉडलिंग। | 0.25 करोड़ रु. | मार्च 2025 |
| 5 | **महाराष्ट्र** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | दाभोल क्रीक-वशिष्ठी नदी (राज.-28) में फेयरवे रखरखाव | 67.32 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| | दाभोल क्रीक-वशिष्ठी नदी (रा.ज.-28) और कल्याण-ठाणे-वसई क्रीक-उल्हास नदी मुंबई जलमार्ग (राज.-53) में नौचालन सहायताओं का समावेश। | 4.28 करोड़ रु. | जनवरी 2026 |
| | मुंबई में नए कार्यालय का उद्घाटन | 1.50 करोड़ रु. | मार्च 2025 |
| 6 | **गोवा** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | गोवा में 10 सामुदायिक जेट्टियां | 14.28 करोड़ रु. | जून 2025 |
| | रा.ज.- 88 – साल नदी (1 जेटी) और रा.ज. 25 – चापोरा (2 जेट्टियां) में जेट्टियां। इससे गोवा राज्य में सभी 6 रा.ज. चालू हो जाएंगे। | 15 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| | कंबरजुआ नहर (रा.ज.-27), मोंडोवी नदी (रा.ज.-68) और मापुसा-मोइदे नदी (रा.ज.-71) में फेयरवे रखरखाव | 52.10 करोड़ रु. | जून 2026 |
| | गोवा के रा.ज. में वीटीएमएस की स्थापना | 45.13 करोड़ रु. | जून 2026 |
| 7 | **कर्नाटक** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | कर्नाटक राज्य में रा.ज.-51 – काबिनी नदी (1 जेटी) और रा.ज.-90 – शरावती नदी (2 जेटी) पर जेट्टियां। | 15.89 करोड़ रु. | जनवरी 2026 |
| | रा.ज.-43 और रा.ज.-74 में जेट्टियां | 14 करोड़ रु. | मार्च 2026 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अलमट्टी बांध (कृष्णा नदी) पर नदी क्रूज़ | 17 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| | रा.ज.-105 (उदयवारा नदी) और रा.ज.-76 (पंचगंगावाली नदी) का प्रचालन | 25 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| | रा.ज.-52 (काली नदी) का क्षमता संवर्धन | 5 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| 8 | **केरल** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | आईडब्ल्यूटी मरादु टर्मिनल को जोड़ने वाली सर्विस रोड को चौड़ा करना | 1.29 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| 9 | **तेलंगाना** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | कृष्णा नदी (श्रीशैलम, नागार्जुन सागर एवं नागार्जुनकोंडा) में 3 फ्लोटिंग जेट्टियों की स्थापना | 7.66 करोड़ रु. | दिसंबर 2026 |
| 10 | **आंध्र प्रदेश** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | गोदावरी नदी (गांडीपोचम्मा मंदिर, पोचावरम, पेरेंटापल्ली गांव) में 6 फ्लोटिंग स्टील जेट्टियों की स्थापना | 14.59 करोड़ रु. | दिसंबर 2026 |
| | विकास हेतु अतिरिक्त इनपुट प्रदान करने के लिए रा.ज.-4 की डीपीआर को अपडेट किया जा रहा है | 4.71 करोड़ रु. | फरवरी 2026 |
| | पेन्ना नदी (रा.ज.-79) व्यवहार्यता अध्ययन चल रहा है | 0.79 करोड़ रु. | सितंबर 2025 |
| 11 | **ओडिशा** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | महानदी नदी (रा.ज.-64) पर मुसदिया-बहाकुडा फैरी सेवा के लिए 2 फ्लोटिंग जेट्टियां तथा बैतरणी नदी (रा.ज.-14) पर 1 फ्लोटिंग जेट्टी का निर्माण। | 15.20 करोड़ रु. | दिसंबर 2025 |
| | महानदी नदी (रा.ज.-64) पर इफको की ओर से फिक्स्ड जेटी का निर्माण | 67 करोड़ रु. | अप्रैल 2026 |
| | महानदी नदी (रा.ज.-64) के फेयरवे का रखरखाव | 10 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| | रा.ज.-64 पर नौचालन सहायताओं का समावेश | 2.34 करोड़ रु. | मार्च 2025 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | रा.ज.-5 के विकास के लिए डीपीआर को अद्यतन करना | 3.1 करोड़ रु. | जून 2026 |
| 12 | **जम्मू और कश्मीर** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | झेलम नदी (रा.ज.-49) को प्रचालन योग्य करना, नदी क्रूज पर्यटन और शहरी परिवहन के लिए 7 जेट्टियां बनाना। | 63 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| | चेनाब नदी (रा.ज.-26) और रावी नदी (रा.ज.-84) को प्रचालन योग्य करने की योजना पर विचार किया जा रहा है। नदी के प्रचालनरत होने से हिमाचल प्रदेश और पंजाब राज्य भी कवर होंगे। | 21 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| 13 | **दिल्ली** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | क्रूज पर्यटन के लिए यमुना नदी (रा.ज.-110) पर 2 जेट्टियां | 1.2 करोड़ रु. | जुलाई 2025 |
| 14 | **लद्दाख** में आईडब्ल्यूटी का विकास | | |
| | सिंधु नदी (रा.ज.-46) पर 2 जेट्टियां और हरित जलयान | 20 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| 15 | बिहार – 4 स्थानों पर क्यूपीओएम | 46 करोड़ रु. | मार्च 2026 |
| **रा.ज. के लिए सामान्य** | | | |
| 16 | 8 एम्फिबियन ड्रेजर्स | 92 करोड़ रु. | दिसंबर 2026 |
| 17 | सहायक इकाइयों के साथ 4 कटर सक्शन ड्रेजर्स | 162 करोड़ रु. | दिसंबर 2026 |

*****